**भारत सरकार**
**गृह मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 1212**
**दिनांक 03 दिसंबर, 2024/ 12 अग्रहायण,1946 (शक) को उत्तर के लिए**

**सीमावर्ती क्षेत्र विकास कार्यक्रम**

1212**. श्री सुखजिंदर सिंह रंधावा:**

**क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

**(क) सीमावर्ती क्षेत्र विकास कार्यक्रम (बीएडीपी) में केन्द्र सरकार और पंजाब राज्य सरकार का हिस्सा कितना-कितना है; और**
**(ख) विगत दो वर्षों के दौरान उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत गुरदासपुर और पठानकोट सीमाओं पर आरंभ किए गए कार्यों का ब्यौरा क्या है?**

**उत्तर**

**गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री नित्यानंद राय)**

(क) बीएडीपी का परिचालन केंद्र प्रायोजित योजना के रूप में किया जाता है जिसके अनुरूप केंद्र सरकार एवं पंजाब राज्य सरकार की हिस्सेदारी क्रमश: 60 प्रतिशत और 40 प्रतिशत है।

(ख) गुरदासपुर और पठानकोट जिलों में बीएडीपी के अंतर्गत आने वाले वासस्थानों के लिए क्रमशः 42.08 करोड़ रुपये लागत के 351 कार्य और 11.02 करोड़ रुपये लागत के 144 कार्य स्वीकृत किये गए हैं |

*****